आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 28.03.2020

आरेडिका प्रशासन ने लिया संज्ञन, प्रांगण में किसी को खाली पेट न सोना पड़े

बढ़ते हुए उत्पादन के कारण साधारणतः प्रतिदिन लगभग 50–60 मालवाहक ट्रक एवं ट्रेलर आरेडिका आते रहते है। महीने के आखिरी सप्ताह तक यह संख्या लगभग 80 तक भी पहूँच जाती है। सामान्यतः मालवाहक ट्रक पंजाब, तमिलनाडू, महाराष्ट्र, हरियाणा इत्यादि राज्यों से चलकर 4 से 7 दिनों में आरेडिका पहूँच जाते हैं। 19 मार्च को अचानक घोषित हुए एक दिन के जनता कर्फ्यू एवं उसके बाद लागू 21 दिनों के लॉकडाउन की अवधी के शुरू में ही कच्चा माल एवं उपसंयोजन लेकर चले हुए लगभग 118 ट्रक आरेडिका पहूँच गए थे। लॉकडाउन होने के कई ट्रक ड्राईवर यहाँ फॅस गए थे। काफी संख्या में ट्रक ड्राईवर आरेडिका से जा चुके है।

महाप्रबंधक ने स्थिति का संज्ञान लेते हुए सभी बचे हुए ट्रक ड्राईवरों के लिए राशन एवं पानी की व्यवस्था हेतु भंडार विभाग की टीम को निर्देशित कर सुनिश्चित किया कि किसी भी ट्रक ड्राईवर को परेशानी न हो। ट्रक ड्राईवरों की नियमित थर्मल स्कीनिंग भी कराई जा रही है।

आरेडिका के आवासीय एवं फैक्ट्री परिसर में सभी प्रकार के निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है निर्माण कार्य से संबंधित बचे हुए संविदा कर्मचारियों के लिए भी राशन कि व्यवस्था कराई गई है ताकि किसी को भी भूखे पेट न सोना पड़े। प्रधान मुख्य अभियंता श्री राम बृक्ष यादव ने बताया कि सभी संविदा कर्मचारियों की सामयिक जांच कर उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जा रहा है। जरूरत पड़ने पर उन्हें आरेडिका चिकित्सालय से दवाईयां भी उपलब्ध कराई जा रही है।

महाप्रबंधक ने आरेडिका में संयंत्र और कार्मिक विभाग द्वारा की गई पहल की भी सराहना की। दोनो विभागों ने मिलकर आरेडिका स्थित शॉपिंग कम्प्लेक्स से होम डिलीवरी की व्यवस्था सुनियोजित की है ताकि कर्मचारियों को फल, सब्जी एवं दूध जैसी आवश्यक सामग्री के लिए घर से बाहर न निकलाना पड़े। साथ ही कम्प्लेक्स स्थित राशन की दुकानों पर फोन कर के राशन बुक किया जा सकता है।

सचिव महाप्रबन्धक
SECRETARY TO GM
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI